यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम | A Government of India Undertaking
आन्ध्रा Andhra | कार्पोरेशन Corporation

---

**प्रेस विज्ञप्ति**

## 31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के लिए वित्तीय परिणाम

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मण्डल ने 31 मार्च, 2022 की समाप्त तिमाही तथा वर्ष के लिए बैंक के लेखों का आज अनुमोदन किया है.

### मुख्य विशेषताएँ

1. **प्रस्तावित लाभांश:**
   बैंक के निदेशक मण्डल ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए ₹1 . शेयर प्रति 90 )19.00 की लाभांश (%संस्तुति की है जो अपेक्षित अनुमोदनों के अधीन है.
2. **सशक्त वित्तीय कार्यनिष्पादन:**
   वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान बैंक के शुद्ध लाभ में वर्ष दर वर्ष आधार पर 80.05% का सुधार हुआ है. वित्त वर्ष 2022 के दौरान बैंक के शुद्ध ब्याज आय में वर्ष दर वर्ष आधार पर 12.55% और वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही के दौरान वर्ष दर वर्ष आधार पर 25.29% की वृद्धि हुई है.
3. **बैंक ने सशक्त देयता अंश दर्शाना जारी रखा है**
   कासा जमाराशि में वर्ष दर वर्ष 12.40% की बढ़ोतरी हुई है. 31 मार्च, 2022 तक बैंक के पास कुल जमाराशि आधार ` 10,32,392 करोड़ है. कासा अनुपात वर्ष दर वर्ष आधार पर 21 बीपीएस के सुधार के साथ 36.33% से 36.54% हुआ है.
4. **कारोबार संवृद्धि में गति**
   अग्रिमों में तिमाही दर तिमाही और वर्ष दर वर्ष आधार पर क्रमश: 7.00% और 9.60% की वृद्धि हुई है जबकि जमा राशि में तिमाही दर तिमाही और वर्ष दर वर्ष आधार पर क्रमश: 10.13% और 11.75% की वृद्धि हुई है. 31 मार्च, 2022 तक बैंक का कुल कारोबार ` 17,48,800 करोड़ है.
5. **रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (रैम) क्षेत्र के ऋण में वृद्धि**
   बैंक ने वर्ष दर वर्ष आधार पर रिटेल में 8.65% की वृद्धि, कृषि में 10.80% की वृद्धि और एमएसएमई अग्रिमों में 8.56% की वृद्धि दर्ज की है. घरेलू अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में, रैम अग्रिम 54.96% है.
6. **एनपीए में कमी :-**
   दिनांक 31.03.2022 तक सकल एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर 263 बीपीएस की गिरावट के साथ 11.11% रहा है और शुद्ध एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर 94 बीपीएस की गिरावट के साथ 3.68% रहा है. वित्तीय वर्ष 2022 की चौथी तिमाही के दौरान क्रेडिट लागत में वर्ष दर वर्ष आधार पर 89 बीपीएस की कमी दर्ज की गई है.
7. **पूंजी अनुपात सुधार**
   सीआरएआर दिनांक 31.03.2021 के 12.56% के सापेक्ष दिनांक 31.03.2022 को सुधार के साथ 14.52% रहा. सीईटी 1 अनुपात दिनांक 31.03.2021 के 9.07% के सापेक्ष 31.03.2022 को सुधार के साथ 10.63% रहा. पीसीआर भी वर्ष दर वर्ष आधार पर 234 बीपीएस के सुधार के साथ दिनांक 31 मार्च, 2021 के 81.27% के सापेक्ष 31 मार्च, 2022 को 83.61% रहा है.

PRESS RELEASE

### वित्तीय परिणाम की मुख्य विशेषताएँ

| ` करोड़ में | वित्त वर्ष 21 की चौथी तिमाही | वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही | वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही | वर्ष दर वर्ष% | तिमाही दर तिमाही % | वित्त वर्ष 21 | वित्त वर्ष 22 | वर्ष दर वर्ष% |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **लाभ एवं हानि** | | | | | | | | |
| ब्याज आय | 15,475 | 16,930 | 17,174 | 10.98 | 1.45 | 68,767 | 67,944 | -1.20 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्याज व्यय | 10,072 | 9,755 | 10,405 | 3.30 | 6.66 | 44,079 | 40,157 | -8.90 |
| शुद्ध ब्याज आय | 5,403 | 7,174 | 6,769 | 25.29 | -5.65 | 24,688 | 27,786 | 12.55 |
| गैर-ब्याज आय | 4,330 | 2,524 | 3,243 | -25.10 | 28.48 | 11,744 | 12,525 | 6.64 |
| एनआईएम% | 2.38 | 3.00 | 2.75 | 37 बीपीएस | -25 बीपीएस | 2.71 | 2.94 | 23 बीपीएस |
| परिचालन लाभ | 4,959 | 5,098 | 5,520 | 11.32 | 8.28 | 19,667 | 21,873 | 11.22 |
| कुल प्रावधान | 3,629 | 4,013 | 4,081 | 12.44 | 1.69 | 16,761 | 16,641 | -0.72 |
| कर के पश्चात लाभ | 1,330 | 1,085 | 1,440 | 8.26 | 32.63 | 2,906 | 5,232 | 80.05 |

| ` करोड़ में | मार्च 21 | दिसम्बर 21 | मार्च 22 | वर्ष दर वर्ष % | तिमाही दर तिमाही % |
|---|---|---|---|---|---|
| | | तुलन पत्र | | | |
| वैश्विक अग्रिम | 6,53,684 | 6,69,531 | 7,16,408 | 9.60 | 7.00 |
| घरेलू अग्रिम | 6,37,672 | 6,53,709 | *6,99,269* | 9.66 | 6.97 |
| जिसमें से रिटेल | 1,25,427 | 1,32,164 | *1,36,273* | 8.65 | 3.11 |
| कृषि | 1,20,124 | 1,28,152 | *1,33,092* | 10.80 | 3.85 |
| एमएसएमई | 1,05,908 | 1,11,874 | *1,14,975* | 8.56 | 2.77 |
| रैम अग्रिम | 3,51,459 | 3,72,190 | 3,84,340 | 9.36 | 3.26 |
| जमा राशि | 9,23,805 | 9,37,455 | 10,32,392 | 11.75 | 10.13 |
| जिसमें से कासा | 3,35,592 | 3,46,754 | *3,77,193* | 12.40 | 8.78 |
| रिटेल मियादी जमाराशि(<2 करोड़) | 3,93,472 | 4,37,528 | *4,43,752* | 12.78 | 1.42 |
| कासा अनुपात (%) | 36.33 | 36.99 | *36.54* | 21 बीपीएस | -45 बीपीएस |
| जीएनपीए | 89,788 | 77,787 | 79,587 | -11.36 | 2.32 |
| एनएनपीए | 27,281 | 25,258 | 24303 | -10.92 | -3.78 |

| अनुपात (%) | वित्त वर्ष 21 की चौथी तिमाही | वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही | वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही | वर्ष दर वर्ष बीपीएस | तिमाही दर तिमाही बीपीएस |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **आस्ति गुणवत्ता** | | | |
| जीएनपीए | 13.74% | 11.62% | 11.11% | -263 | -51 |
| एनएनपीए | 4.62% | 4.09% | 3.68% | -94 | -41 |
| पीसीआर | 81.27% | 82.80% | 83.61% | 234 | 81 |
| टीपीसीआर | 69.62% | 67.53% | 69.46% | -16 | 193 |
| क्रेडिट लागत | 2.89% | 1.40% | 2.00% | -89 | 60 |
| | | पूंजी अनुपात | | | |
| सीईटी-1 अनुपात | 9.07% | 10.18% | 10.63% | 156 | 45 |
| टियर-1 अनुपात | 10.35% | 11.75% | 12.20% | 185 | 45 |
| सीआरएआर | 12.56% | 13.92% | 14.52% | 196 | 60 |

**नेटवर्क:**

- 8,873 शाखाएँ
- 11,232 एटीएम
- 8,216 बीसी पॉइंट्स
- 126 सरल/सरल लाइट (एमएसएमई ऋण प्रसंस्करण केंद्र)
- 130 यूएलपी (रिटेल ऋण प्रसंस्करण केंद्र)
- 101 यूएसके (कृषि ऋण प्रसंस्करण केंद्र)

**वित्तीय समावेशन योजनाएं :**

सरकार समर्थित योजनाएं जैसे पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, पीएमजेडीवाई और एपीवाई के माध्यम से वित्तीय समावेशन का उद्देश्य बाधाओं को खत्म करना और समाज के कम पहुँच वाले वर्गों को आर्थिक मूल्य वाली वित्तीय सेवाओं को प्रदान करना है.

- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई):**

PRESS RELEASE

पीएमजेजेबीवाई एक सरकार समर्थित बीमा योजना है जिसमें 31 मार्च, 2022 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 1.58 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई):**

पीएमएसबीवाई एक सरकार समर्थित दुर्घटना बीमा योजना है जिसमें 31 मार्च, 2022 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 7.66 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई):**

इस योजना के तहत, 31 मार्च, 2021 को ` 6,465 करोड़ की राशि के 2.17 करोड़ खातों के सापेक्ष 31 मार्च, 2022 तक ` 7,780 करोड़ की राशि के कुल 2.45 करोड़ खाते खोले गए हैं.

- **अटल पेंशन योजना (एपीवाई):**

एपीवाई एक पेंशन योजना है, जो मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र पर लक्षित है तथा 31 मार्च, 2022 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 1.29 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

**कोविड-19 से निपटने के लिए शुरू की गई नई योजनाएं:**

कोविड-19 की महत्वपूर्ण चुनौतियों से निपटने के लिए, बैंक ने दबाव/तनाव को कम करने या उपभोगताओं की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कारोबारी संस्थाओं, रिटेल ग्राहकों के लिए अनेक मुख्य योजनाओं की शुरुआत की है.

- **पीएम स्वनिधि :**

यह एक सूक्ष्म ऋण सुविधा है जो स्ट्रीट वेंडरों को एक वर्ष की अवधि के लिए कम ब्याज दरों पर `10,000 का संपार्श्विक मुक्त ऋण प्रदान करता है.

मंजूर किए गए ऋणों की संख्या - 3,54,447
मंजूर की गई कुल राशि - ` 382 करोड़

- **यूनियन गारंटीकृत इमरजेंसी क्रेडिट लाइन (यूजीईसीएल):**

भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप, पात्र कारोबारी उद्यम/एमएसएमई उधारकर्ता/व्यक्तिगत, जिसमें इच्छुक पीएमएमवाई उधारकर्ता शामिल हैं, के लिए एक विशेष योजना जो कि 29 फरवरी, 2020 को बकाया ऋण राशि की 20/40 प्रतिशत तक अतिरिक्त कार्यशील पूंजी मीयादी ऋण सुविधा के रूप में पूर्व-अनुमोदित मंजूरी सीमा होगी.

मंजूर किए गए ऋणों की संख्या (यूजीईसीएल 1,2,3,4 एवं विस्तार सहित) -3,89,062
मंजूर की गई कुल राशि (यूजीईसीएल 1,2,3,4 एवं विस्तार सहित) - ` 15,527 करोड़

**वहन योग्य हाउसिंग योजना:**

- **प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) :**

इस योजना के तहत, बैंक ने 31 मार्च, 2022 तक 20,826 महिला लाभार्थियों सहित 28,171 लाभार्थियों को ` 8,179 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है.

दिनांक: 13 मई, 2022
स्थान: मुंबई

PRESS RELEASE